तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 20 अगस्त 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 तीन दिन से झमाझम बारिश, नदी-नाले उफान पर



खबर संक्षेप

केशरवानी नगर सभा के अध्यक्ष ताराचन्द गुप्ता दिया त्यागपत्र

अंबिकापुर। केसरवानी नगर सभा के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता ने बुधवार को स्वास्थ्य गत कारणों से अपने पद से



त्यागपत्र दे दिया है। वर्ष 2018 से वे लगातार 8 वर्षों से समाजिक कार्यों में पूरी निष्ठा के साथ लगे हुए हैं। 80 वर्षीय ताराचंद गुप्ता ने केशरवानी भवन में आज अपने उदबोधन में कहा मैंने समाज के वरिष्ठजन, महिला सदस्यों और युवा साथियों की मदद से मैंने अपने क्षमता के साथ काम किया। इस दौरान मुझे समाज के सभी परिवार औऱ सदस्यों से भरपूर सहयोग, स्नेह और सम्मान मिला। मैं आगे भी समाज के हर कार्यों में अपनी क्षमतानुसार सेवा-सहयोग करूंगा। इस अवसर पर उन्होंने केशरवानी नगर सभा के समस्त सदस्यों और समाज के लोगो को उन्हें मौका देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने अपना त्यागपत्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश केशरी और समस्त समाज संरक्षक को सौंपा।

सरगुजा ओलम्पिक खेल में हिस्सा हेतु पंजीयन 29 तक

अम्बिकापुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष में भी सरगुजा ओलम्पिक 2026-27 हेतु पंजीयन ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों पद्धति से किये जाने जाने की सुविधा प्रदान किया गया है। ऑफलाईन प्राप्त आवेदनो को संबंधित विकासखण्डो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के माध्यम से ऑनलाईन रूपांतरित किया जायेगा। आयोजन में कुल 12 खेलों की खेल प्रतियोगिताएं विकासखण्ड जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजित की जायेगी। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन सितम्बर 2026 के द्वितीय सप्ताह के मध्य आयोजित होना संभावित है। सरगुजा ओलम्पिक खेल का पंजीयन 29 अगस्त 2026 तक किया जाना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर एथलेटिक्स में 100 मी. 200 मी. 400 मी. दौड गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लम्बी कूद, उंची कूद, 4x100 रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबाल, कराते, कबड्डी, खो-खो, बालीवाल बास्केटबाल। हॉकी एवं कुश्ती के खिलाड़ी सीधे जिले स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। विकासखण्ड स्तर पर खेलों का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों द्वारा किया जायेगा व्यक्तिगत एवं दलीय खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अथवा दल जिला एवं संभाग स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में होगा पहला 14 से 17 वर्ष बालक/बालिका एवं दूसरा 17 वर्ष से अधिक महिला/पुरूष होंगे। विकासखण्ड स्तर पर खिलाड़ियों को शील्ड ट्राफी से पुरस्कृत किया जायेगा। जिला स्तर पर व्यक्तिगत खेलों में विजेताओं को पहले से तीसरे स्थान तक क्रमशः 2000, 1500, एवं 1000 तथा दलीय खेल में क्रमशः 4000, 3000, एवं 2000 नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। संभाग स्तर पर व्यक्तिगत में क्रमशः 5000, 3000, एवं 2000 तथा दलीय खेलों में क्रमशः 10,000, 6,000 एवं 4,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास आज घुनघुटा बांध में

अम्बिकापुर। जिले में जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन 20 अगस्त को किया जाएगा। यह मॉक अभ्यास प्रातः 10 बजे श्याम घुनघुटा डेम लिबरा (दरिमा) में आयोजित होगा। मॉक अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा आपदा प्रबंधन के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना है। जिला स्तरीय मॉक अभ्यास के लिए अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम बन सिंह नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

30 करोड़ की लागत से लवकशपुर में कराया जा रहा निर्माण

भारी बारिश से निर्माणाधीन लावा बांध में आई बड़ी- बड़ी दरारें



बांध में आई दरारें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

ग्राम लवकशपुर स्थित आसपास क्षेत्र के किसानों को खेती किसानी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो

खास बात
- बांध में दरार आने से किसानों की बढ़ी चिंता

और क्षेत्र में जल स्तर बना रहे इसे लेकर लगभग 30 करोड़ की लागत से लावा बांध का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि हालही में क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश ने बांध निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी है। आलम यह है कि लगातार बारिश से निर्माणाधीन बांध में कई जगह बड़े बड़े दरार आ गई है जिससे अब क्षेत्र के किसानों को बांध टूटने की आशंका पर चिंता सताने लगी है। ऐसे में समय रहते बांध की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बांध टूट सकता है जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

विकासखंड कुसमी से महज 10 किमी दूर ग्राम लवकशपुर स्थित लावा में जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 30 करोड़ की लागत से बांध का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग के सेंसर कंट्रक्शन द्वारा निविदा के माध्यम से जलाशय का निर्माण ठेकेदार से चर्चा कर पेटी कॉन्ट्रैक्ट ठेकेदार के माध्यम से बांध का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बांध बनने के एक वर्ष के अंतराल में ही सही प्रकार से बांध में पडल मिट्टी नहीं डाले जाने के कारण निर्माणाधीन बांध में कई जगह मिट्टी की बांध में काफी लंबी लंबी दरार आ गई है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि ठेकेदार से पेटी कॉन्ट्रैक्ट द्वारा बांध निर्माण में गुणवत्ताहीन तरीके से सामग्री का उपयोग किए बिना ही निर्माण कराया जा रहा है। बांध में आई लंबी लंबी दरार को देख अब क्षेत्र के ग्रामीण काफी चिंतित और भयभीत है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बांध के निर्माण में सही तरीके से मिट्टी डालने का कार्य नहीं किया गया है जिसके चलते बांध में लंबी लंबी दरार आ गई है। वर्तमान में बांध की यह स्थिति है तो भविष्य में यह बांध टूट सकता है जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से दूसरे विभाग के अधिकारियों से जांच कराते हुए दोषी अधिकारी एवं ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिससे भविष्य में अच्छे तरीके से गुणवत्ता पूर्ण बांध का निर्माण कराया जा सके।

इस संबंध में उपयंत्री श्री विश्वास ने बताया कि बांध में दरार आई है तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। बांध के ऊपर से हल्का मिट्टी हट गई होगी, फिर से बांध पर मिट्टी डाल मरम्मत कराई जाएगी।

गुणवत्ताहीन निर्माण

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बांध निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया है। निर्माण के समय अच्छे से मिट्टी को निचली स्तर पर डाला जाता तो बांध काफी ऊपर स्तर हो चुका होता। पडल काली मिट्टी को बांध में निचली स्तर से ऊपरी सतह तक डलवाया जाता है लेकिन विभाग के अधिकारी,कर्मचारी द्वारा ऐसा नहीं कराया गया केवल लोकल मिट्टी का उपयोग कर इस बांध का गुणवत्ताहीन तरीके से जैसे तैसे कराया जा रहा है। परिणाम यह हुआ कि आज बांध में कई जगह लंबी लंबी दरार देखने को मिल रही है। अब इसका सुधार किस प्रकार से किया जाएगा यह समझ से परे है। मिट्टी का कार्य ऊपरी सतह तक कई जगह में किया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बांध बनकर तैयार हो जाएगा और इस बांध में पानी भर जाएगा तो पडल मिट्टी नहीं डालने के कारण भविष्य में यह बांध टूट भी सकता है।

निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

क्षेत्र के किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए करोड़ों रुपए की राशि से बांध निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।दुर्भाग्य की बात है कि ठेकेदार और पेटी कॉन्ट्रैक्ट द्वारा ज्यादा पैसा कमाने की लालच में गुणवत्ताहीन तरीके से सभी नियमों को दरकिनार कर बांध का निर्माण कराया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सही तरीके से निर्माण कराने में ध्यान नहीं दे रहे है। अभी यह बांध निर्माणाधीन अवस्था में है और अभी से ही इस बांध में कई लंबी लंबी दरार आ गई है। अगर पानी भर जाएगा तो बांध में सही प्रकार से निचली स्तर पर पडल मिट्टी नहीं डालने के कारण भविष्य में यह बांध टूटने की भी संभावना है। गुणवत्ता के साथ इस बांध का निर्माण किया जाए जिससे भविष्य में किसान को खेतों में पानी समय से मिल सके और बांध न टूटने पाए।

अशोक सोनी,जनपद उपाध्यक्ष

कराई जाएगी जांच

बांध में कई जगह दरारे आई है तो जांच कराई जाएगी। बांध के मिट्टी में लंबी दरार हो रही है तो बारिश के कारण हो सकती है और मिट्टी बह गई होगी,विभाग के कर्मचारी को भेज दिखवाता हूं।

-राजकुमार पैकरा, एसडीओ

प्लास्टिक से ढंककर बचाने किया जा रहा प्रयास

साकेतवा बांध में दरार और मिट्टी धंसने से दहशत, प्रशासन अलर्ट

बलरामपुर। मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित साकेतवा बांध में दरार आने और मिट्टी धंसने की सूचना से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के बीच बांध की स्थिति को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बांध के एक हिस्से में दोबारा कटाव और मिट्टी धंसने की स्थिति बनी है। सूचना मिलते ही अपर कलेक्टर समेत प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कटाव को रोकने तथा बांध को सुरक्षित रखने के लिए मौके पर आवश्यक कार्य शुरू कराया गया है। साकेतवा बांध में पिछले वर्ष भी कटाव की स्थिति बनी थी। उस दौरान निचले इलाके में एक घर क्षतिग्रस्त हो गया था, जबकि दो मवेशियों की मौत हुई थी। अब एक बार फिर बांध में कटाव की खबर सामने आने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। वहीं जिले में पिछले वर्ष हुए लुती बांध हादसे में सात लोगों की मौत की घटना को देखते हुए साकेतवा बांध की स्थिति को लेकर प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। लगातार बारिश और मौसम विभाग के अलर्ट के बीच बांध में जलभराव और संभावित कटाव पर लगातार नजर रखी जा रही है। गौरतलब है कि बारिश शुरू होने से पहले ही कलेक्टर ने जिले के बांधों और जलाशयों की स्थिति, जलभराव तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करने और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। अब साकेतवा बांध में दोबारा कटाव की स्थिति सामने आने के बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित करने में जुटा है। फिलहाल प्रशासन की नजर बांध की स्थिति पर बनी हुई है। ग्रामीणों से भी सावधानी बरतने और बांध के आसपास अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की जा रही है।



तीसरे दिन भी होती रही रुक रूककर वर्षा, 24 घंटे में 107 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बंगाल की खाड़ी से झारखण्ड के रास्ते आगे बढ़ रहा अवदाब बुधवार को दोपहर बाद यूपी की ओर अग्रसर

- यूपी की ओर अग्रसर हुआ अवदाब

हो गया है लेकिन तीसरे दिन भी रुक रुककर हो रही बारिश से राहत नहीं मिली है। बुधवार को भी सुबह से देर रात तक बारिश का क्रम जारी रहा। मौसम विज्ञानी गुरुवार को बारिश की रफ़्तार थमने के साथ ही धूप निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

खाड़ी में सक्रिय अवदाब के प्रभाव से सोमवार से ही शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में रुक रूककर लगातर वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार अवदाब 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। अधिक समय तक अवदाब के प्रभावी होने के कारण पिछले तीन दिनों से लगातार रुक रूककर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी अवदाब के यूपी की ओर अग्रसर होने की बात कह रहे है लेकिन अभी भी वर्षा का क्रम जारी है। बुधवार को सुबह 10.30 बजे कुछ देर के लिए बारिश थमी तथा आसमान पर बादलों का घनत्व भी कम हुआ लेकिन 45 मिनट बाद ही बादलों का घनत्व बढने के साथ ही वर्ष होने लगी। मौसम कार्यालय द्वारा सुभ 82.6 मिमी और शाम को 20.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है जबकि इसके पूर्व पिछले दो दिनों में 167.0 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी। पिछले तीन दिनों में 290 मिमी वर्षा होने से संभाग के सभी सभी नदी नाले उफान पर है। बुधवार को बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा रिकार्ड की गई है। बुधवार को बलरामपुर जिला अंतर्गत बलरामपुर में 140.3 मिमी, चल्गली में 70.3 मिमी, चांदो में 138.4 मिमी, दौरा कोचली में 131.0 मिमी, कुसमी में 292.0 मिमी, रघुनाथ नगर में 114.8 मिमी, राजपुर में 75.0 मिमी, रामानुजगंज में 108.4 मिमी, रामचंद्रपुर में 91.0 मिमी, सामरी में 117.0 मिमी, शंकरगढ़ में 96.2 मिमी एवं वाड्रफनगर में 95.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी तरह सूरजपुर जिला अंतर्गत भटगांव में 93.4 मिमी, लटोरी में 75.4 मिमी, प्रतापपुर में 65.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। तीन दिनों की बारिश के बाद अंबिकापुर में बारिश का आंकडा 965 मिमी पहुंच गया है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

भारी वर्षा के बीच जलस्त्रोतों और पुल-पुलिया पर रखी जा रही सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में हो रही भारी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिला

- जलभराव एवं संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में मुनादी कराकर आमजन को किया जा रहा सतर्क

प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले के सभी तालाब, एनीकट, बांध, नहर, पुल-पुलिया सहित जलभराव की संभावित स्थिति वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। जलस्त्रोतों के जलस्तर, बांध एवं एनीकट से पानी के बहाव तथा पुल-पुलियों की स्थिति पर विशेष नजर रखी जा रही है। संभावित जलभराव एवं अन्य परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही जलभराव एवं जोखिम वाले क्षेत्रों में आमजन को सतर्क करने के लिए मुनादी भी कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नदी-नालों, एनीकट, बांध एवं पुल-पुलियों के आसपास न जाने तथा जलभराव वाले स्थानों पर विशेष सावधानी बरतने कहा गया है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से आह्वान किया है किभारी वर्षा के दौरान नदी-नालों, एनीकट, बांध एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के पास अनावश्यक रूप से न जाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन द्वारा निचले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सर्व संबधित अधिकारियों को किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को देने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



जांच में जुटी पुलिस, बिसरपानी क्षेत्र की घटना

मैनपाट में दोहरा हत्याकांड : पत्नी और ग्रामीण की हत्या कर फरार हुआ पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के बिसरपानी में दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आई है। सुबह घर में महिला और पुरुष के शव बरामद किए गए है। दोनों पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया। वारदात के समय घटना स्थल पर मृतिका के पति भी आया था और संभावना है कि उसने ही विवाद के दौरान दोनों की हत्या की और फरार हो गया। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही हत्या की जांच शुरू कर दी है और संदेही आरोपी की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत बिसरपानी चिखलापारा निवासी 35 वर्षीय बेन्जे बड़ा आ. तिहरु बड़ा, बिसरपानी तिलकपारा निवासी 32 वर्षीया नईहारो मझवार पति बाबूलाल मझवार 17 अगस्त की देर शाम 7-8 बजे के बीच दोनों वर्षीय सोमारू मझवार आ. स्व.चुंदी मझवार के घर गए हुए थे। इस दौरान तीनों बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के दौरान ही महिला नईहारो मझवार का पति 35 वर्षीय बाबूलाल मझवार आ. बुधु मझवार भी वहां पहुंच गया। सोमारू के घर पहुंचकर बाबूलाल ने पानी पत्नी और बेन्जे बड़ा के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर तीनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। झगड़ा बढ़ता देख सोमारू मौके से भाग निकला।



सुबह मिला दोनों का शव

पुलिस के अनुसार 18 अगस्त की सुबह सोमारू वापस घर लौटा तो देखा कि बेन्जे बड़ा और नईहारो की लाश घर में पड़ी हुई थी। दोनों के शरीर, सिर पर चोट के निशान थे। इसके साथ ही जमीन पर भी फावड़े से मारने के निशान है। संभावना जताई जा रही है कि चरित्र शंका को लेकर पति ने ही पत्नी नईहारो और बेन्जे बड़ा की हत्या की और फरार हो गया। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। इसके साथ ही फरार आरोपी की तलाश के लिए भी अभियान चलाया गया है लेकिन फिलहाल आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

चल रही है तलाश

महिला और ग्रामीण की हत्या के मामले में जांच चल रही है। शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में महिला के संदेही पति की तलाश जारी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-तुलसिंह पट्टावी
एसडीओपी

बारिश से गिरा महामाया मंदिर का विशाल बरगद...



अम्बिकापुर। महामाया मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक विशाल बरगद का पेड़ बुधवार को अचानक उखड़ कर धराशायी हो गया। बरगद पेड़ के गिरने से पास के पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पिछले तीन दिनों से शहर में लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण पेड़ के जड़ों की पकड़ कमजोर होने एवं विशाल पेड़ के गिरने की बात कही जा रही है। पेड़ गिरने से जान-माल की कोई क्षति नहीं पहुंची है।

खबर संक्षेप

हसदेव नदी इंटकवेल में होगी मॉक एक्सरसाइज आज

मनेन्द्रगढ़। संभावित बाढ़ आपदा के दौरान जान-माल की सुरक्षा और राहत-बचाव कार्यों में किसी भी तरह की देरी न हो, इसके लिए एमसीबी जिले में आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से मंगलवार को राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज-मॉक एक्सरसाइज ऑन फ्लड डिजास्टर इन छत्तीसगढ़ के तहत जिले की तैयारियों की समीक्षा की गई। अभ्यास में लगातार भारी बारिश, नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर, निचले क्षेत्रों में जलभराव, गांवों का संपर्क टूटने, सड़क-पुल क्षतिग्रस्त होने, बिजली बाधित होने और लोगों के फंसने जैसी काल्पनिक परिस्थितियों को सामने रखकर एकीकृत राहत एवं बचाव रणनीति तैयार की गई। टेबल टॉप एक्सरसाइज में तैयार रणनीति की 20 अगस्त को जिले के तहसील नागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लाई स्थित हसदेव नदी इंटकवेल में व्यापक मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से मैदानी परीक्षा होगी। इसमें आपदा की सूचना मिलने के बाद नियंत्रण कक्ष की सक्रियता, चेतावनी की पहुंच, बचाव दल की तैनाती, फंसे लोगों की सुरक्षित निकासी और राहत शिविरों के संचालन की गति को परखा जाएगा। मॉक एक्सरसाइज में सूचना से लेकर रेस्क्यू, स्वास्थ्य सेवा, राहत, संचार, विद्युत एवं सड़क बहाली और सामान्य स्थिति की वापसी तक पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से परखा जाएगा।

शिक्षा की गुणवत्ता पर कलेक्टर ने की गहन समीक्षा

मनेंद्रगढ़। जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह एवं जनमन क्षेत्र के विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास सुविधाओं, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

शहर के मुख्य मार्ग पर जलभराव जन-जीवन प्रभावित

तीन दिन से झमाझम बारिश, नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन का महीना समाप्त होने में अब करीब 10 दिन शेष हैं, वहीं बीते तीन दिनों से कोरिया जिले में बारिश ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार से बुधवार तक जिले के कई क्षेत्रों में रुक-रुककर झमाझम बारिश होती रही। लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं।

नागपंचमी के दिन सुबह से मौसम बादलों से घिरा रहा, हालांकि दिन में अधिकांश क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई, लेकिन शाम ढलने के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। रात में कई घंटों तक बारिश होती रही। अगले दिन भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। बुधवार को भोर से ही तेज बारिश शुरू हो गई, जो सुबह कुछ घंटों बाद थमी। दिन में कुछ देर राहत के बाद अपराह्न में जिले के कई क्षेत्रों में फिर झमाझम बारिश हुई। सावन के तीसरे सप्ताह में सोमवार से बुधवार तक लगातार हुई बारिश से जिले में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है।



मुख्य मार्ग पर तीन दिन से जलभराव

लगातार बारिश के कारण बैकुण्ठपुर शहर के कई वार्डों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर संजयनगर स्थित पेट्रोल पंप से लेकर बुलेट शोरूम तक सड़क पर पिछले तीन दिनों से बरसाती पानी जमा है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संजयनगर स्थित पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास तक पहुंच मार्ग पर भी बारिश का पानी जमा होने से छात्राओं को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण हर वर्ष बरसात के दौरान छात्रावास की छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

सोनहत मार्ग पर अचानक गिरा सरई का पेड़, बाइक सवार बाल-बाल बचे

बुधवार सुबह सोनहत मार्ग पर ग्राम काचरडॉड के मुख्य मार्ग पर अचानक सरई का बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां से गुजर रही एक बाइक पेड़ की चपेट में आ गई। बाइक सवार बाल-बाल बच गए, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं। वहीं, एक अन्य बाइक भी गिरे हुए पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर सवार लोगों को भी मामूली चोटें आईं। जिस समय पेड़ गिरा, उस दौरान सड़क पर लोगों की आवाजाही कम थी, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। यदि उस समय सड़क पर अधिक यातायात होता तो गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती थी।



सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ों से खतरा

बरसात के मौसम में सड़क किनारे स्थित पेड़ों से हादसे का खतरा बढ़ जाता है। कई बार तेज हवा नहीं चलने के बावजूद कमजोर अथवा पुराने पेड़ अचानक धराशायी हो जाते हैं। बैकुण्ठपुर-सोनहत मार्ग पर गेज बांध के समीप भी एक-दो स्थानों पर लंबे समय से सूखे पेड़ खड़े हैं। इन पेड़ों के सड़क पर गिरने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभाग को मार्ग का निरीक्षण कर सड़क किनारे खड़े सूखे एवं कमजोर पेड़ों को चिन्हित कर तत्काल हटाना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका को टाला जा सके और मार्ग पर आवागमन सुरक्षित रहे।

103 एकड़ भूमि पर तैयार हो रहा नवीन मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे समय से देखा जा रहा मेडिकल कॉलेज का सपना अब साकार होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत परसगढ़ी में लगभग 103 एकड़ भूमि पर मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य आकार ले रहा है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है।

- परसागढ़ी में इसी सत्र से कॉलेज शुरु होने की उम्मीद

क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल भी लगातार अपनी नजर मेडिकल कॉलेज के गतिविधियों पर रखे हुए हैं। खास बात यह है कि



इसी शैक्षणिक सत्र से मेडिकल की पढ़ाई शुरू होने की तैयारी बताई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। मनेन्द्रगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लोगों के लिए मेडिकल कॉलेज की मांग वर्षों पुरानी रही है। क्षेत्रवासियों का मानना रहा है कि यहां मेडिकल कॉलेज स्थापित होने से गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की मजबूरी काफी हद तक कम होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

ग्राम पंचायत परसगढ़ी में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए करीब 103 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। इतनी बड़ी भूमि पर विकसित होने वाला यह संस्थान भविष्य में चिकित्सा शिक्षा, उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। मेडिकल कॉलेज परिसर के विकसित होने के साथ क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। सड़क, परिवहन, आवास, बाजार और अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास को भी इससे गति मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री आवास ने फूलमत को दी पक्की छत

बैकुण्ठपुर। कभी जर्जर कच्चे मकान में बारिश के दौरान छत टपकने और दीवार गिरने की चिंता में जीवन गुजारने वाली ग्राम पंचायत डकईपारा की 70 वर्षीय श्रीमती फूलमत बाई के जीवन में अब खुशियों ने दस्तक दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत मिले पक्के आवास ने उन्हें सुरक्षित छत के साथ सम्मानजनक जीवन का भरोसा दिया है।

पालिका व व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की मांग

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला शाखा कोरिया के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर प्रवास पर पहुंचे प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। चेम्बर पदाधिकारियों ने शहर के विकास से जुड़े मुद्दों के निराकरण की मांग रखी। ज्ञापन में शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने पालिका बाजार कॉम्प्लेक्स तथा अटल परिसर के बगल में व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का मुद्दा उठाया गया। बताया गया कि उक्त दोनों स्थानों पर व्यावसायिक निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन प्रस्तावित भूमि के संबंध में निर्धारित शासकीय शुल्क जमा नहीं किए जाने के कारण भूमि नगर पालिका बैकुण्ठपुर के नाम दर्ज नहीं हो पाई है। इसके चलते पालिका बाजार एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। चेम्बर ने मांग की कि नगर पालिका को उक्त भूमि के संबंध में देय लगभग 4 करोड़ रुपए का शासकीय शुल्क शीघ्र जमा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि निर्माण कार्य आगे बढ़ सके। पदाधिकारियों का कहना है कि इन कॉम्प्लेक्स के निर्माण से शहर के विकास को गति मिलेगी तथा सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले व्यवसायियों के व्यवस्थापन में भी शासन को सुविधा होगी।

महिला सशक्तिकरण को मिलेगा नया आयाम

बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के बाद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कोरिया जिले की निवासी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रेनू सिंह ने सांसद रूप कुमारी चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।
























खबर संक्षेप



मोबाइल मेडिकल यूनिट को मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रामानुजगंज। दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा प्रदत्त मोबाइल मेडिकल यूनिट को आज मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जिले के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सहज एवं सुलभ बनाया जाएगा। यह यूनिट लोगों द्वार तक पहुंचकर समय पर स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पहल से उन ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है, जहां नियमित स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण होता है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने के साथ ही लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इस दौरान जिला प्रबंध समिति के सभापति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिला प्रबंध समिति के राज्य प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समभाव महिला मंच ने मनाया स्वतंत्रता दिवस और सावन उत्सव



अंबिकापुर। समभाव महिला मंच के गुंजन समूह द्वारा स्वतंत्रता दिवस और सावन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समभाव महिला मंच की संस्थापिका और सूत्रधार सुश्री वंदना दत्ता ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रप्रेम और आजादी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस साझा समाज मंच की एकता के बारे बताया। समभाव महिला मंच की सदस्य रूबी सिद्दीकी ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं वरिष्ठ सदस्य श्रीमती संतोष पांडे ने स्वरचित सावन गीत की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। श्रीमती नीलिमा गोयल ने स्वतंत्रता दिवस और सावन उत्सव के इस आयोजन पर अपने ओजस्वी उद्बोधन द्वारा इसकी महत्ता और विशेषता पर प्रकाश डालते एक स्वरचित कविता भी प्रस्तुत की। श्रीमती अनीता मंदिलवार ने भी अपनी स्वरचित कविता की प्रस्तुति दी। सावन सुंदरी तनुश्री मिश्रा बनी। इस पावस दिवस पर विशिष्ट अतिथि रहीं ब्रह्मकुमारी प्रजापिता की मुख्य सुश्री विद्या दीदी ने सभी बहनों को नशा मुक्त समाज की उपयोगिता बताते हुए इस नेक काज पर शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ शबनम ख़ानम और आभार प्रदर्शन श्रीमती श्वेता गुप्ता ने किया। इस अवसर पर गुंजन समूह की संतोष पांडे, अलका इंगोले, नीलिमा गोयल, ज्योति चोपड़ा, कुंजबाला जायसवाल, ममता सिंह, बरखा चोपड़ा, गायत्री सिन्हा, गीता मलिक, किरण भाटिया, हिना सेन, मंजू कश्यप, मिलन शर्मा, नौशबा, पिंकी छाबड़ा, सोनी सिंन्हा, सुनीता लाल, अंजुम शमीम, अनीता मंदिलवार, उर्मिला सिंह, सीता शर्मा, शकीला सिद्दीकी, सीमा अग्रवाल, रूबी सिद्दीकी, रेखा भार्गव, रीना जायसवाल, कहकशां परवीन, हेना परवीन, नीलू सिंह, मंजू जायसवाल, चेतना मुंजे सहित अन्य मौजूद थे।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। बाइक से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम गोरेया पीपर निवासी बुधराम मझवार आ. स्व. आनंद मझवार (52 वर्ष) 15 अगस्त को किसी काम के सिलसिले अकेले बाइक से ग्राम कुसु जा रहा था। जैसे ही सफा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर पुत्र मंगलेश्वर मौके पर पहुंचा और निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सोमवार को घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी अवध कुमारी यादव पति स्व. राजेन्द्र यादव (41 वर्ष) रविवार को देवर रविन्द्र यादव के साथ बाइक से खेत में लगी फसल को देखने जा रही थी। जैसे ही बाइक सवार ग्राम बिझिया के समीप पहुंचे तभी अवध कुमारी की साड़ी बाइक के चैन में फंस गई जिससे वह चलती बाइक से सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आपात कालीन केंद्र में चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

मरीज सहित अस्पताल स्टाफ की बढ़ी परेशानी

पानी टपकने से टीबी वार्ड एवं ओपीडी तर-बतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई वार्ड में सीपेज होने से मरीज सहित अस्पताल स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से सबसे दयनीय हालत टीवी वार्ड की है जहां सीपेज व छत से टपक रहे पानी से ओपीडी सहित वार्ड पानी से तर बतर हो गया है। टीवी वार्ड के गलियारे के अलावा ओपीडी और वार्ड में पानी भरे होने से मरीज सहित टीवी वार्ड के स्टाफ की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है कि वार्ड में दाखिल मरीज बारिश के दौरान होने वाले सीपेज व छत से टपक रहे पानी के बीच रहने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल प्रबंधन को वार्ड में हो रहे सीपेज के लिए छत पर सेड का निर्माण नहीं कराया है लेकिन भवन काफी पुरानी होने तथा सेड का निर्माण ऊंचा होने के कारण छत पर पानी जमा होने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

खास बात

- छत का प्लास्टर गिरने से बाल बाल बचे लोग

बरसात के मौसम में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी, सर्जिकल वार्ड एवं वार्ड के गलियारों के छत से सीपेज होने की समस्या काफी पुरानी है। हर वर्ष थोड़ा बहुत पीडब्ल्यूडी द्वारा मरम्मत कराई जाती है परंतु सही तरीके से मरम्मत नहीं होने से सीपेज की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। सीपेज से सबसे बुरा हाल टीवी वार्ड की है जहां वार्ड में हर जगह सीपेज होती है और लगातार वार्ड में पानी गिरने से वार्ड पूरी तरह से गीला हो चुका है। आलम यह हो गया कि वार्ड सहित ओपीड़ी एवं गलियारे मे लगातार पानी टपकने से टीवी वार्ड पानी से तर बरत हो गया है। ऐसे में वार्ड में सीपेज होने से टपक रहे पानी के बीच मरीज अपना उपचार कराने को मजबूर है। दिन के समय परिजन किसी तरह सूखे जगह पर समय काट लेते है लेकिन रात के समय वार्ड सहित गलियारे में पानी भरे होने के कारण परिजन को काफी मुश्किलों का सामना करना पडता है। बीती रात लगातार बारिश होने तथा छत पूरी तरह से गीले होने के कारण टीवी वार्ड के गेट की छत से बड़ा प्लास्टर उखड़ कर गिर गया। गनीमत था कि रात होने की वजह से मरीज के परिजन व स्टाफ बाल बाल बच गए नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



वार्ड सहित गलियारों में भरा पानी।

दवा व सामान हो रहे खराब

टीवी वार्ड में रखे दवा व पानी गर्म करने के लिए लगाए गए हीटर सहित अन्य सामान लगातार पानी टपकने से खराब हो रहे है। हालांकि स्टाफ द्वारा पानी से बचाव के लिए दवाइयों व हीटर को प्लास्टिक से ढक कर रखते है लेकिन काफी पानी टपकने से दवाईया गिली हो रही जाती है। स्टाफ का कहना है कि वार्ड में ऐसा कोई जगह नहीं है जहां पानी न टपकता हो अब स्थिति ऐसी हो गई है की छत का प्लास्टर गीले होने से उखड़ कर गिरने लगे है।

ओपीडी सहित चिकित्सक कक्ष में सीपेज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी, सर्जिकल वार्ड के गलियारे के अलावा बारिश के दौरान अस्पताल के ओपीडी के कई चिकित्सक कक्ष में सीपेज की वजह से पानी टपकता है। पानी टपकने से ओपीडी आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि दोपहर बाद ओपीडी में चिकित्सकों की ड्यूटी समाप्त होने जाने पर यहां मरीज नहीं आते परंतु वार्ड में दिन व रात दोनों समय बारिश होने पर मरीज व परिजन को सीपेज का सामना करना पडता है।

स्वीकृत है 50 लाख रुपए

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी, सर्जिकल वार्ड के गलियारे सहित टीबी वार्ड भवन में सीपेज की समस्या लंबे समय है। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने तथा लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर इस समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया गया है। गर्मी के मौसम में ही सीपेज व छत से पानी टपकने की समस्या से निजात दिलाने छत पर शेड निर्माण के लिए 50 लाख की स्वीकृति हुई। शेड निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जाना है इसके लिए राशि नगर निगम को उपलब्ध कराई है। लेकिन नगर निगम द्वारा आज तक शेड निर्माण के लिए निविदा नहीं निकाली जिससे शेड निर्माण टेंडर प्रक्रिया में उलझ कर रह गई है जिसका खामियाजा अस्पताल में दाखिल मरीज सहित परिजन और अस्पताल स्टाफ को भुगतना पड़ रहा है।

बनाई जाएगी व्यवस्था

टीबी वार्ड भवन काफी पुरानी है। वार्ड के छत पर शेड निर्माण किया गया है। दीवार से पानी रिसने से वार्ड और ओपीडी में पानी टपक रहा है। अस्पताल में जहां जहां सीपेज की समस्या है उसे दूर करने छत पर शेड निर्माण के लिए 50 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। नगर निगम द्वारा शेड निर्माण के लिए निविदा नहीं निकालने से अस्पताल के छत पर शेड निर्माण नहीं हो सका है।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक



शहर में प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह 19 सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आगामी 19 एवं 20 सितंबर को शहर में अग्र महाकुंभ-2026, प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों को लेकर समाज की ओर से जोर शोर से तैयारियां चल रही है। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल होंगे।

- अग्र महाकुंभ के लिए कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल को दिया गया निमंत्रण पत्र

समारोह को लेकर संगठन की ओर से मंत्री श्री अग्रवाल को निमंत्रण प्रदान किया गया। आयोजन के संयोजक सुभाष गोयल एवं कन्हैयालाल अग्रवाल तथा समारोह के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि अग्र महाकुंभ-2026 का आयोजन अंबिकापुर में समाज की एकता, संगठन, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजन में प्रदेशभर से समाज के प्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहभागी होंगे। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस महाकुंभ में प्रदेशभर से 500 से अधिक अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें विभिन्न अग्रवाल सभाओं के अध्यक्ष एवं महामंत्री, महिला एवं युवा संगठनों के पदाधिकारी तथा समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्री अग्रवाल सभा, अंबिकापुर एवं सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा के संयुक्त आतिथ्य में किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिन 19 सितंबर को विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इनमें अग्रवाल समाज की भावी संगठनात्मक कार्ययोजना, सामाजिक विषयों, सेवा प्रकल्पों तथा समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 20 सितंबर को दशम अग्र अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाली 18 विशिष्ट प्रतिभाओं को अग्र भूषण, अग्र शिरोमणि एवं अग्र गौरव जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया जाएगा। दशम अग्र अलंकरण समारोह के अवसर पर अग्रवाल समाज की सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाजों एवं संस्कारों को समर्पित ग्रंथ 'हमारी रीति, हमारी परंपराएं का भी भव्य विमोचन किया जाएगा। मुख्य संयोजक कन्हैयालाल अग्रवाल ने कहा कि अग्र महाकुंभ समाज की एकता, संगठन, सेवा, संस्कार एवं प्रतिभाओं के सम्मान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

अंबिकापुर। शहर के माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त समाज का संदेश देने के उद्देश्य से नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी संस्था से पार्वती बहन, रेखा बहन, रजनी बहन एवं मनोज भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक केपी दीक्षित, उत्तम सिंह सिसोदिया, राजू अग्रवाल, दीपेश गुप्ता, नितेश मेहता, प्रतीक दीक्षित एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. बृजेश पांडे शामिल हुए। सेमिनार में वक्ताओं ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन हृदय, फेफड़ों, मस्तिष्क एवं मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए खेल, योग, ध्यान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सकारात्मक संगति अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान श्रीमती संध्या एक्का, अरिजीत, प्राची त्रिपाठी, अंकित पटेल सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



नशा मुक्ति विषय पर डीएवी स्कूल में प्रश्न मंच कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 18 अगस्त को युवाओं एवं विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का किया गया। अध्यापिका विजयलक्ष्मी सिंह तथा बीना सुजीत के नेतृत्व में नशा मुक्ति विषय पर प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच में द विजिलेंस और द अवेकनर्स दो टीमें रही। कार्यक्रम के दौरान दोनों ही टीमों के विद्यार्थियों ने नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों से संबंधित प्रश्नमंच में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में द अवेकनर्स टीम ने जीत हासिल की। अध्यापिका काकोली मुखर्जी, नीलम पांडेय एवं अध्यापक अमूल्य भोई के मार्गदर्शन में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली हिंदी नाटक नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से नशे की गिरफ्त में आने वाले व्यक्ति, उसके परिवार तथा समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को संवेदनशील एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से सभी को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर की फुटबॉल टीम ने 15 अगस्त को एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के उपविजेता बनने पर प्राचार्य अनामिका भारती द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं फुटबॉल किट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने विद्यालय परिवार को नशा मुक्त रहने एवं जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी नाटक नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो एवं प्रश्नमंच की सराहना करते हुए कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प है। कक्षा बारहवीं की छात्रा सिद्धि जायसवाल ने कहा कि हम सभी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति नशे की समस्या से जूझ रहा है, तो उसका उपहास करने के बजाय उसे परिवार, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।कार्यक्रम में मंच संचालन विमान घोष ने किया।



रेलवे आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में शामिल एक और बस चालक हुआ गिरफ्तार

बिश्रामपुर। रेलवे आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक और बस चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण में शामिल किया है। मामले की जांच के क्रम में 19 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अंबिकापुर में समन के आधार पर उपस्थित हुए मनोज यादव (46), निवासी वार्ड क्रमांक-15 हिरागिरी दफाई, हल्दीबाड़ी चिरमिरी, जिला एमसीबी, वर्तमान निवासी ग्राम नारायणपुर ककरही, पोस्ट दौलतपुर, थाना सैदपुर, जिला गाजीपुर (उप्र) से पूछताछ की गई। पूछताछ में मनोज यादव ने बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से सिंह बस सर्विस, बनारस में चालक के रूप में कार्यरत है। उसके अनुसार अविनाश कुमार, जो सिटी पीआरएस बैकुंठपुर का कर्मचारी है, द्वारा बैकुंठपुर से दिए गए रेलवे आरक्षित टिकटों के लिफाफे को बस क्रमांक यूपी-50-सीटी-6184 के माध्यम से बनारस में संजय कुमार विश्वकर्मा तक पहुंचाता था। मनोज ने बताया कि प्रत्येक लिफाफे के बदले उसे भी 200 से 250 रुपये कमीशन मिलता था। वह सप्ताह में करीब दो बार रेलवे के तत्काल आरक्षित टिकटों के लिफाफे बैकुंठपुर से बनारस पहुंचाने का काम करता था। पूछताछ के दौरान उसने यह भी स्वीकार किया कि उसे जानकारी थी कि अविनाश कुमार और संजय विश्वकर्मा द्वारा रेलवे आरक्षित टिकटों का अवैध कारोबार किया जा रहा है,इसके बावजूद कमीशन के लालच में वह टिकटों को पहुंचाकर उनके अवैध कार्य में सहयोग करता रहा,आरपीएफ द्वारा उसके कृत्य से अवगत कराने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके बयान और पूछताछ के आधार पर मनोज कुमार यादव को पूर्व में दर्ज अपराध 16 अगस्त, धारा 143 रेल अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण में संबद्ध किया गया है। मामले में अब तक आरपीएफ ने चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और मामले में शामिल आरोपियों की पड़ताल के लिए जांच अभी जारी है।



स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इस दौरान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि देश की स्वतंत्रता हमें महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान से प्राप्त हुई है। आज हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाने के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज, गोपाल मिश्रा, अजीत सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, दीननाथ यादव,अजय गुप्ता, बिहारी पाल, छोटेलाल गुप्ता, लोधीराम एक्का, दिलीप सोनी, गौतम सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, राकेश सिंह, योगेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता, अजय यादव, मंगलम पांडेय, विजय प्रताप सिंह, रजनी सोनी, सहित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सीआरपीएफ 62वीं बटालियन मुख्यालय में किया गया ध्वजारोहण

अम्बिकापुर। सीआरपीएफ 62वीं बटालियन के क्वार्टर गार्ड में कमाण्डेट दीपक मेहरा ने ध्वजारोहण किया एवं परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक के अथक प्रयास एवं बलिदानों के फलस्वरूप हमें आजादी मिली। आजाद भारत विश्व का द्वितीय सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य है। सभी धर्म एवं सम्प्रदायों को एक साथ लेकर चलना ही देश को अपने आप में महान व गौरवशाली बनाता है। गृह मंत्रालय के अधीन सशक्त बलों का गठन किया गया जिसे सशस्त्र बलों ने पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन किया है। कमाण्डेन्ट ने राष्ट्रपति द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 62 अधिकारियों एवं जवानों को आतंकवादी एवं नक्सल गतिविधियों के विरूद्ध अभियान के दौरान सर्वोच्च बलिदान एवं उनके वीरता व पराक्रम के लिए दिए गए सम्मानों की जानकारी दी।



कोणार्क वासुदेव बिहार में मना हरियाली तीज महोत्सव

कोणार्क वासुदेव बिहार चांदनी चौक में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष देवेश शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात कॉलोनी की महिलाओं द्वारा होटल अलंकार ग्रीन में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रतियोगिता हुई। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में श्रीमती मीना शुक्ला एवं जूनियर ग्रुप में श्रीमती अनिता साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान श्रीमती रेखा तायल, श्रीमती सपना कर, श्रीमती निशु मित्तल, श्रीमती अंकिता सोनी, सोनी मित्तल, अनिता प्रियल, अनिता सिंघल, संगीता पाण्डेय, शिल्पी, सुमन सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

फैजुल अनवर शाला में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मदरसा फैजुल अनवर प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला मोमिनपुरा में स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानपाठक हाजी मिर्जा अशरफ अली बेग ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने आजादी के महत्व तथा शहीदों की कुर्बानी से सभी को अवगत कराया। उन्होंने सभी को अपने देश के प्रति ईमानदार रहने की सीख दी। बच्चों ने शाला के हॉल में सांस्कृतिक, साहित्यिक, ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। अंत में बच्चों को मिठाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षक मो.मुस्तफा सिद्धिकी, इंतेखाब अंसारी मिर्जा, इश्तेयाक अहमद बेग, सलीम रजा, अख्तर अली सहित मोहल्लेवासी मौजूद थे।

केजीएन स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

केजीएन हाई स्कूल एवं इंजीनियर्स कॉन्वेंट स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्था के संचालक डॉ.इम्तियाज अहमद अंसारी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि आजादी हमें स्वतंत्रता सेनानियों ने दिलाई है। ध्वजारोहण पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पहले 13 अगस्त को दोनों स्कूलों के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली थी जिसमें सभी शिक्षक और बच्चों ने हिस्सा लिया। अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।

ख्वाजा गरीब नवाज मदरसे में किया गया ध्वजारोहण

मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में प्रधानपाठक शाहीन गजाला ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने बच्चों को आजादी की महत्ता बताई और मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के स्टाफ, अभिभावक तथा नागरिक मौजूद थे।

विकासखण्ड में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वाधीनता दिवस

रामानुजनगर। विकासखंड में राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्यालय सहित सभी ग्राम पंचायतों, सरकारी दफ्तरों तथा शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान शान से लहराया। ग्राम रामानुज नगर स्थित थाना में उप निरीक्षक विराट विशी ने ध्वजारोहण किया,मुख्यालय के जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह, शिक्षा विभाग में जनपद उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू, कृषि विभाग में कृषि स्थाई सभापति कवल साय सिंह सहित सभी शासकीय कार्यालयों सहित शैक्षणिक गैर शैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। भाजपा महामंत्री सौभाग्य दुबे ने ग्राम पतरापाली हायर सेकेण्डरी स्कूल में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा मोबाइल के दुरूपयोग पर किया गया नाटक का मंचन रहा। गत वर्ष की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं -12 वीं में सर्वोत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को घोषणा के अनुसार जनपद सदस्य अनिता सिंह तथा शिक्षक बिजेंद्र साहू व राजेश्वर सिंह द्वारा चार - चार हजार रुपए नगद राशि से अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। स्काउट गाइड जंबूरी पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में पार्टिसिपेट करने वाले कैडेट्स को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक कमला प्रसाद दुबे,परबतिया सिंह, मधुशिला सिंह, राधिका प्रसाद दुबे, विश्वनाथ पटेल,श्याम लाल ठाकुर,गोरे लाल पटेल, बंशीलाल शर्मा, छोटे लाल पटेल, धर्मपाल यादव, राम सिंह, सुनील कुशवाहा, अरविंद सिंह, हेम साय सिंह, केके यादव, प्रविना देवांगन, बिजेंद्र साहू, योगेश साहू, संतोष जायसवाल, रिनु दुबे सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं,छात्र छात्राएं तथा नागरिक उपस्थित थे।



भटगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, स्कूलों और कार्यालयों में फहराया गया तिरंगा

सोनगरा। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को भटगांव क्षेत्र में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। नगर पंचायत कार्यालय सहित सभी स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पंचायत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पुष्पा खलखो ने तिरंगा झंडा फहराया। पीएम श्री विद्यालय भटगांव में एसएमसी अध्यक्ष आलम साय राजवाड़े ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्रमिक संगठन इंटक के कार्यालय में प्रतिवर्ष की भांति श्रमिक नेता रविंद्र सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया।



खबर संक्षेप

एकता स्टेडियम समीप वरिष्ठ नागरिकों के किया पौधरोपण

बिश्रामपुर। नगर के एकता स्टेडियम समीप क्षेत्र के वृक्ष मित्र व पर्यावरण प्रेमी शैलेश चौबे के नेतृत्व में शान्तिनगर व 1बी कॉलोनी निवासी वरिष्ठ नागरिकों ने पौधरोपण किया,इस दौरान निरंजन स्वाईं व नीलम सैनी ने सवेच्छा से पौधरोपण कर इसे सुरक्षित रखने हेतु ट्री गार्ड भी लगाया,पौधरोपण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के परिजन शितिकांत स्वाईं बाबू, सुजाता रानी स्वाईं व अन्य मौजूद रहे।

दतिमा स्थित साप्ताहिक बाजार में खड़ी किए बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार

बिश्रामपुर। साप्ताहिक बाजार दतिमा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम गांगीकोट निवासी 20 वर्षीय रामकुमार पिता सोनसाय मंगलवार की शाम करीब 7 बजे दतिमा साप्ताहिक बाजार अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 3948 में गया था जिसे वह बाजार के पास खड़ी कर सामान लेने अंदर गया और जब आधे घंटे बाद वापस लौटा, तब देखा कि बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

एसईसीएल कॉलोनी क्षेत्र से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी क्षेत्र में कोयला एवं राखड़ से लदे ओवरलोड भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन को लेकर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें जर्जर हो रही हैं और स्कूली बच्चों, श्रद्धालुओं व आम नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। नो-एंट्री के बावजूद भारी वाहनों के संचालन का आरोप लगाते हुए वाहनों के दस्तावेज व ओवरलोडिंग की जांच तथा निर्धारित मार्ग से परिवहन कराने की मांग की गई है।युकाँ पदाधिकारी ने कॉलोनी मार्ग पर सुबह 6 से 10 बजे और शाम 4 से 7 बजे तक नो-एंट्री, जर्जर सड़कों की मरम्मत और आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग भी की है।

इंजीनियरिंग और ओएचई विभाग के कर्मचारियों के लिए खुलेगा ओवरटाइम रजिस्टर

बिश्रामपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में इंजीनियरिंग एवं ओएचई विभाग के कर्मचारियों के ओवरटाइम (ओटी) से संबंधित रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कार्मिक विभाग ने 18 अगस्त को संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है रेलवे मजदूर कांग्रेस के साथ द्वितीय पीएनएम बैठक-2026 के दौरान नए एजेंडा क्रमांक 30 पर चर्चा हुई थी,बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बिलासपुर मंडल के इंजीनियरिंग एवं ओएचई विभाग में ओटी रजिस्टर खोलने का निर्णय लिया गया है,मंडल कार्मिक विभाग ने वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) सहित संबंधित अधिकारियों से बैठक के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ओवरटाइम रजिस्टर जल्द से जल्द खोलने का अनुरोध किया है। इस निर्णय से इंजीनियरिंग एवं ओएचई विभाग में कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले ओवरटाइम कार्य का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने और संबंधित प्रविष्टियों को दर्ज करने की प्रक्रिया को औपचारिक रूप मिलने की उम्मीद है।

दो नदियों से घिरे ग्रामीण

बरगा नदी की बाढ़ से ग्राम पंचायत रसौकी बना टापू, 6 दिनों ग्रामीणों का आवागमन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

लगातार भारी भारी वर्षा होने के कारण विकासखण्ड ओड़गी की दूरस्थ ग्राम पंचायत रसौकी टापू बन गया है। बरगा नदी में बाढ़ आने के कारण गांव पानी से घिर गया है। पिछले 6 दिनों से गांव तक आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। बाढ़ के कारण ग्रामीणों का संपर्क तहसील एवं जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है।

खास बात
- बरसात में गंभीर रूप से बीमार ग्रामीणों का उपचार बनी चुनौती

दूरस्थ ग्राम पंचायत रसौकी विकासखण्ड ओड़गी का आखिरी गांव है तथा कोरिया जिलान्तर्गत विकासखण्ड सोनहत के निकट है। ग्रामीण बिहारपुर-रसौकी मार्ग से आवागमन करते हैं। शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत बिहारपुर से ग्राम उमझर तक पक्की सड़क बनाई गई है लेकिन बार-बार स्वीकृति मिलने के बावजूद ग्राम उमझर से रसौकी तक की सड़क अब तक नहीं बन पाई है। ग्राम पंचायत उमझर वनग्राम है तथा गुरूघासी दास नेशनल पार्क के भीतर सामान्य जंगल में बसा है। ग्रामीणों को शासन द्वारा पट्टा प्रदान किया गया है तथा ग्रामीण लम्बे समय से खेती एवं पशुपालन के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे हैं। पहुंचविहीन गांवों में शुमार होने के कारण लम्बे समय से ग्राम रसौकी तक सड़क बनाने की मांग होते रही है। जनप्रतिनिधियों की पहल पर शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं लोनिवि के माध्यम से कई बार सड़क निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई। विभागों ने कई बार टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी की। कभी ठेकेदारों ने निर्माण में रूचि नहीं दिखाई और कभी ठेकेदार ने निर्माण शुरू किया तो अन्यान्य व्यवधान आने के कारण निर्माण को छोड़ दिया। कोरिया जिला का ब्लाक मुख्यालय सोनहत नजदीक होने के कारण ग्रामीण अपनी जरूरतों की सामग्री वहीं से खरीदते हैं लेकिन सोनहत के मार्ग में सेमरिया नदी में बाढ़ आने के कारण ग्रामीणों के बाहर निकलने के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। दोनों नदियों से घिरने के बाद ग्रामीण रोजमर्रा की सामग्रियों की कमी से जूझ रहे हैं। गांव में किराने की छोटी-मोटी दुकानें हैं लेकिन उनमें भी इतनी सामग्री नहीं है कि एक सप्ताह तक ग्रामीणों की जरूरतें पूरी कर सकें। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा से समस्या और भी विकराल हो गई है। अब बरसात खत्म होने के बाद ही गांव तक आवागमन संभव हो सकेगा।



बाइक को कंधे पर लाद बरगा नदी पार करते ग्रामीण।

मार्ग को चार जगह काटती है बरगा नदी

उमझर-रसौकी मार्ग वन क्षेत्र के बीच से गुजरता है तथा बरगा नदी मार्ग को चार स्थानों पर काटती है सुचारू आवागमन के लिए नदी पर चार विशाल पुल बनाने की जरूरत पड़ेगी। वर्ष 2022-23 में शासन द्वारा 11 किमी लम्बी सड़क एवं चार पुलों के निर्माण के लिए 13 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। ठेकेदारों ने पुलों के निर्माण में अधिक खर्च होने एवं स्वीकृत राशि को कम बता टेंडर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं की। ग्राम उमझर से ब्लॉक मुख्यालय ओड़गी की दूरी 120 किमी, तहसील मुख्यालय बिहारपुर की 45 किमी, सोनहत की 20 किमी एवं जिला मुख्यालय सूरजपुर की दूरी 170 किमी है। भौगोलिक दृष्टि से उमझर के ग्रामीणों के लिए सोनहत अत्यंत निकट है लेकिन कभी गांव को कोरिया में शामिल करने के संबंध में चर्चा नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पूर्व ठेकेदार ने सड़क निर्माझा की प्रक्रिया प्रारंभ की थी लेकिन प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण वन अधिकारियों ने तेज आवाज वाले वाहनों एवं मशीनों का परिचालन बंद करा दिया जिससे ठेकेदार ने निर्माण बंद कर दिया।

उपचार बनी बड़ी चुनौती

बरगा नदी में बाढ़ आने से बीमार ग्रामीणों का उपचार कराना बड़ी चुनौती बन गई है। नदी में बाढ़ आने के कारण अब एम्बुलेंस का पहुंचना मुश्किल हो गया है। एम्बुलेंस तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को 5 किमी का पैदल सफर कर मुख्य मार्ग तक आना पड़ेगा। ग्रामीणों को नदी के बीच से भी लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य अमले के लिए भी आपात स्थिति में गांव पहुंचना आसान नहीं है। विभाग द्वारा मितानिनों को पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं वहीं जून में ही ग्रामीणों को अगस्त तक का राशन दे दिया गया है।

स्कूल-कॉलेज से बढ़ी दूरी

ग्राम रसौकी में लम्बे समय से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है लेकिन हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए गांव में बच्चों को ग्राम महुली एवं हायर सेकेण्डरी एवं कॉलेज की पढ़ाई के लिए बिहारपुर जाना पड़ता है। लम्बी दूरी होने के बावजूद अधिकांश बच्चे रोज आना-जाना करते हैं। बरगा नदी में बाढ़ आने के कारण बच्चों का स्कूल-कॉलेज आना भी बंद हो गया है।

बीएमओ से लेती हूं जानकारी

स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बीएमओ से जानकारी लेती हूं। मितानिनों के माध्यम से ग्रामीणों को लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

-चांदनी कंवर
एसडीएम, भैयाथान

खाद लेकर लौट रहे ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विकासखंड में हाथियों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से लगे सिंघरा जंगल के समीप बुधवार देर शाम करीब 7 बजे एक हाथी ने खाद लेकर घर लौट रहे सिंघरा निवासी 50 वर्षीय ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघाड़ा निवासी रामलाल सिंघरा अपने साथी कन्नी लाल के साथ खाद लेने के लिए दुकान गया था। दोनों साइकिल से खाद लेकर वापस अपने गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से लगे सिंघरा जंगल के पास अचानक उनका सामना एक नर हाथी से हो गया। हाथी को सामने देखकर दोनों ने जान बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान हाथी ने रामलाल को सूड़ से ले लिया। बताया जा रहा है कि हाथी ने रामलाल को जमीन पर पटक कर बुरी तरह कुचल दिया। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर उसके साथ मौजूद कन्नी लाल किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद हाथी काफी आक्रामक हो गया और चिंघाड़ते हुए जंगल की ओर दौड़ लगाने लगा। देर शाम रास्ते से गुजर रहे राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हाथी की चिंघाड़ सुनकर लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। देर रात तक घटनास्थल पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जुटी रही। जंगल के भीतर होने के कारण शव को बाहर निकालने और आगे की कार्रवाई में भी परेशानी की स्थिति बनी रही। घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर हाथी की मौजूदगी के बावजूद लोगों को समय रहते सतर्क नहीं किया गया। यदि वन विभाग द्वारा समय रहते आसपास के गांवों और मुख्य मार्ग पर रहने वाले लोगों को हाथी के विचरण की सूचना दी जाती, तो शायद इस तरह की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था।

आक्रामक हाथी को लेकर ग्रामीणों में भय

ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में एक नर हाथी अपने दल से अलग होकर विचरण कर रहा है और उसका व्यवहार बेहद आक्रामक बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हाथी पहले भी कई स्थानों पर लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। लगातार हो रही हाथियों और इंसानों के बीच की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इस आक्रामक हाथी की गतिविधियों पर तत्काल नजर रखी जाए और आबादी वाले क्षेत्रों में उसके प्रवेश को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही हाथी के विचरण वाले इलाकों में नियमित गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को समय रहते अलर्ट करने की व्यवस्था की जाए।



बनारस से जल उठाकर छग की सीमा पर पहुंचे विधायक राम कुमार टोप्पो

सीतापुर। बीते गुरुवार को वाराणसी के अस्सी घाट से विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में गंगाजल उठाकर चोरकीपानी शिवालय के लिए निकले कांवरियों का दल उत्तरप्रदेश की सीमा पार कर छतीसगढ़ की सीमा में प्रवेश किया। सीमा में कदम रखने से पहले सभी कांवरियों ने छतीसगढ़ महतारी की पावन धरा को नमन किया एवं छतीसगढ़ की खुशहाली की कामना करते हुए सीमा में प्रवेश किया।

विदित हो कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे विधानसभा क्षेत्र से कांवरियों की टोली विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में कांवर महायात्रा 360 पर निकली है।इस महायात्रा 360 के तहत सभी कांवरिये बीते गुरुवार को बनारस के अस्सी घाट से गंगाजल उठाकर चोरकीपानी के लिए पैदल रवाना हुए है।यह महायात्रा 360 देश की सबसे लंबी दूरी वाली कांवर यात्रा मानी जाती है जो बनारस से चोरकीपानी तक कुल 419 किमी की दूरी पैदल तय करती है।शिव की भक्ति के प्रतीक स्वरूप बनारस से शुरू हुई यह कांवर यात्रा पूरी आस्था एवं उत्साह के साथ मौसम की चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए उत्तरप्रदेश की सीमा पार करते हुए छतीसगढ़ सीमा पर पहुंची जहां सीमा में प्रवेश करने से पहले विधायक समेत सभी कांवरियों ने विधि विधान से छतीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की उसके बाद प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना के साथ सीमा में प्रवेश किया।

सीमा में प्रवेश के दौरान स्थानीय लोगों ने हर हर महादेव की जयघोष के साथ सभी कांवरियों जोरदार स्वागत किया, सीमा में प्रवेश एवं स्वागत सत्कार के बाद 360 महायात्रा अपने अगले पड़ाव के लिए निकल गई। रात्रि विश्राम के बाद अपने पड़ाव से यह महायात्रा छतीसगढ़ के विभिन्न शहरों से होते हुए सावन के अंतिम सोमवार को पैदल यात्रा करते हुए चोरकीपानी स्थित शिवालय पहुंचेगी जहां जलाभिषेक करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के बाद इसका समापन किया जाएगा।

घर की परछी तोड़ दंतैल खा गया 11 बोरी धान, फसलों को रौंदा

रामचंद्रपुर। बीती रात अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल ने ग्राम विशुनपुर में जमकर तबाही मचाई। दंतैल ग्रामीण की बाउंड्री एवं परछी तोड़कर घर में रखा 11 बोरी धान खा गया। इस दंतैल वह घंटो धान की फसल रौंदता रहा। दंतैल मंगलवार को रात्रि ढाई बजे ग्राम विशुनपुर पहुंचा एवं राजकुमार सिंह आ. सुखराम सिंह के घर की बाउंड्री को ढहा दिया। दंतैल कुछ देर तक घर के चारों तरफ घूमने के बाद परछी को तोड़ दिया तथा परछी में रखा 11 बोरी धान निकाल कर चट कर गया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे तक तबाही मचाने के बाद दंतैल जंगल के निकट खेतों में पहुंच गया। एक घंटे तक तक धान की फसल को रौंदते रहा। दंतैल ने नंद किशोर सिंह की फसल रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया है। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ा तो सुबह दंतैल की तबाही रुकी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NAVJEEVAN CANCER HOSPITAL
vidya DIAGNOSTIC
PRAKASH HOSPITAL

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में

शुक्रवार, दिनांक : 21 अगस्त 2026

प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड,
सुबह 11 से
दोपहर 1 बजे तक

विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
सीएमएचओ ऑफिस के पास
दोपहर 1 से 2 बजे तक

नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल
मरीन ड्राइव के सामने
दोपहर 2 से 3 बजे तक



विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से
परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले

- स्तन में गाँठ
- मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
- मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL



